दिन–शुक्रवार दिनांक– 26 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का उद्देश्य सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन पिछले चार वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। वर्ष दो हजार बाइस में धर्मशाला में पहला राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन आयोजित किया गया था।

———————————————————————————

आज वीर बाल दिवस है। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किया। इस वर्ष बिहार के दो समेत अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को इस सम्मान से सम्मानित किया गया, जिन्होंने बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें क्रिकेट में अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर–भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। कमलेश कुमार के परिजनों ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। ग्यारह वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था।

———————————————————————————

राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन हर साल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनका अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी देश के बच्चे देशभक्ति और उच्च आदर्शों वाले होते हैं, तो उस राष्ट्र की मानवता सुनिश्चित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर वीर साहिबजादों के बलिदान को याद किया। श्री मोदी ने गुरु गोविंद

सिंह जी की अमर शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि यह दिन साहस, दृढ़ विश्वास और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है।

———————————————————————————

वीर बाल दिवस पर प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कहानी–कविता पाठ, चित्रकला, रचनात्मक लेखन और खेल तथा फिटनेस से संबंधित गतिविधियां आयोजित हो रही हैं।

———————————————————————————

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह कल मनाया जाएगा। इसमें विशेष दीवान का आयोजन होगा और भजन–कीर्तन तथा अरदास होंगे। हरमंदिर साहिब प्रबंधक कमिटी के उपाध्यक्ष गुरूविंदर सिंह ने बताया है कि श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। इधर, समारोह में शामिल होने के लिए देश के अलग–अलग हिस्सों से श्रद्धालु पटना सिटी पहुंचे हैं। सुरक्षा को लेकर बीएसएपी की चार कंपनियों की तैनाती की गयी है।

———————————————————————————

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में औसतन एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। आज औरंगाबाद और भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम दृश्यता सौ मीटर पटना, गयाजी और वाल्मिकी नगर में दर्ज किया गया। राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह से घना कुहासा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने तीस दिसम्बर तक राज्य के अधिकांश भागों में घना कुहासा छाये रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है।

———————————————————————————

समाप्त